राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राजभवन पहुंची अहिंसा यात्रा

राज्यपाल श्री मिश्र से आचार्य श्रीमहाश्रमण की मुलाकात

जयपुर, 30 दिसम्बर। श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ की अहिंसा यात्रा गुरुवार को यहां राजभवन पहुंची। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने आचार्यश्री महाश्रमण और संतजनों का राजभवन में स्वागत किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि संतों की संगति का अवसर मिलना सौभाग्य की बात होती है। उन्होंने कहा कि सद्भावना, नैतिकता और नशामुक्ति का संकल्प लोगों को दिलाने के उद्देश्य से आचार्यश्री की प्रेरणा से निकाली जा रही अहिंसा यात्रा की यह पहल सराहनीय है।

आचार्यश्री ने बताया कि दिल्ली के लाल किले से 9 नवम्बर 2014 से शुरू अहिंसा यात्रा नेपाल, भूटान और भारत के बीस से अधिक राज्यों से होती हुई राजस्थान पहुंची है और दिल्ली में यह यात्रा सम्पन्न होगी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने आचार्यश्री को अपनी पुस्तक 'संविधान, संस्कृति और राष्ट्र' तथा दो वर्ष के कार्यकाल पर आधारित पुस्तक 'सर्वांगीण विकास की नई राह' की प्रति भेंट की।

——————